NBT
नवभारत टाइम्स
www.delhi.nbt.in । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 1 अप्रैल 2021

आज से ऑनलाइन पढ़ाई का दूसरा साल होगा शुरू

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

8वीं तक के स्टूडेंट्स की होगी पढ़ाई

■ सरकारी स्कूलों में क्लास 3 से लेकर क्लास 8 के स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी हो चुका है

■ प्राइवेट स्कूलों में भी नर्सरी से लेकर 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन नया सेशन शुरू हो जाएगा

■ कई स्कूल नए सेशन की पढ़ाई सोमवार से शुरू करेंगे

कोविड-19 की वजह से इस साल भी नया सेशन ऑनलाइन ही शुरू होगा। स्कूली स्टूडेंट्स ने पूरा एक साल बिना स्कूल गए निकाल दिया है। गुरुवार से दिल्ली के स्कूलों में नया अकैडमिक सेशन शुरू हो रहा है। सरकारी स्कूलों में क्लास 3 से लेकर क्लास 8 के स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी हो चुका है। गुरुवार से नए सेशन की पढ़ाई शुरू होगी। प्राइवेट स्कूलों में भी नर्सरी से लेकर 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन नया सेशन शुरू हो जाएगा। कई स्कूल नए सेशन की पढ़ाई सोमवार से शुरू करेंगे।

दिल्ली के शिक्षा निदेशालय और प्राइवेट स्कूलों दोनों ने नए सेशन की तैयारी शुरू कर दी है। सरकारी स्कूलों में टीचिंग लर्निंग एक्टिविटीज का प्लान तैयार कर दिया है। यह अप्रैल के पहले हफ्ते से शुरू हो जाएगा। स्टूडेंट्स के लिए डिजिटल और पैरंट्स की मदद से पढ़ाई का प्लान तैयार किया गया है। शिक्षा निदेशालय का कहना है कि क्लास 6 के स्टूडेंट्स को हर दिन एक वर्कशीट दी जाएगी।

लगातार दूसरे साल ऑनलाइन पढ़ाई कई स्टूडेंट्स और उनके पैरंट्स के लिए दिक्कतें लेकर आ रही है, खासतौर पर वे स्टूडेंट्स जो मोबाइल से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। इन स्टूडेंट्स को सामान्य वर्कशीट दी जाएंगी, जो लिखना, पढ़ना, बेसिक मैथ्स और हैपीनेस करिकुलम कवर करेंगी। वहीं क्लास 7 से 9 तक के स्टूडेंट्स को हिंदी, इंग्लिश, मैथ्स, नेचुरल साइंस और सोशल साइंस में एक्टिविटी शीट दी जाएंगी। यह वर्कशीट शिक्षा निदेशालय सभी स्कूलों के लिए देगा। जो सब्जेक्ट उनमें कवर नहीं होंगे, उनके लिए स्कूल टीचर्स वर्कशीट तैयार करेंगे। रोजाना दो से तीन वर्कशीट इन स्टूडेंट्स को दी जाएगी। प्राइवेट स्कूल ऑनलाइन स्टूडेंट्स को पढ़ाएंगे। जिन स्टूडेंट्स के पास डिजिटल सुविधाएं नहीं हैं, उन स्टूडेंट्स के पैरंट्स को प्राइवेट स्कूल वर्कशीट्स देंगे।

कई प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी, केजी और क्लास 1 के लिए सीटें लगभग भर चुकी हैं। ये स्कूल इन स्टूडेंट्स की ऑनलाइन पढ़ाई अप्रैल के पहले हफ्ते से शुरू कर देंगे।

स्कूल करेंगे स्टाफ के लिए वैक्सीनेशन का इंतजाम

■ **विस, नई दिल्ली** : पीतमपुरा वसुधा एनक्लेव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल अपने स्टाफ के उन लोगों को वैक्सीन लगवाएगा, जो 45 साल से ज्यादा उम्र के हैं। स्कूल की प्रिंसिपल रुमा पाठक का कहना है कि स्कूल की ओर से किसी अस्पताल से संपर्क किया जाएगा और एलिजिबल स्टाफ के रजिस्ट्रेशन करवाकर वैक्सीन दिलवाई जाएगी ताकि कोरोना को हराया जा सके। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल; रोहिणी में भी स्टाफ को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।